आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.10.2025 / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज कॉम्पटीशन में भाग लेने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के जरिए युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इस महीने की 31 तारीख तक इस क्विज के दूसरे संस्करण में भाग ले सकते हैं।

मुख्यमंत्री

प्रदेश की वित्तीय परिस्थिति और हितों की पैरवी करने के लिए आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली रवाना होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे दिल्ली में केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण और 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे और प्रदेश के आर्थिक मामलों के समाधान पर चर्चा करेंगे।

*फाइनेंस मिनिस्टर को बताएंगे कि जीएसटी लगने से पहले हमे साढ़े चार हजार करोड़ वैट और एक्साइज का आता था। जीएसटी लगने के बाद से स्टेट को कितना नुक्सान हुआ हालांकि उन्होंने जी एस टी कम्पनसेशन हर साल दिया लेकिन पांच साल बाद देने के बाद उसके बाद हमे जीएसटी कंपनसेशन से कोई लाभ नहीं हो रहा है। हम प्रोडयूसर स्टेट फार्मास्यूटिकल में 35 प्रतिशत फार्मास्टयूकिल की इंडस्टरी है जो एशिया की है हिमाचल प्रदेश में है वहां पहले जहां हमे बददी एरिया से हमे साढ़े तीन और चार हजार करोड़ जीएसटी आता था वह अब घटकर डेढ़ करोड़ रह गया है।*

दिल्ली दौरे से पहले आज मुख्यमंत्री का सोलन विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास का भी कार्यक्रम है। यहां वह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के नवनिर्मित भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बशील तथा वन विश्राम गृह सायरी घाट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मिनी स्टेडियम ममलीग में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे और यहां उपस्थित जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

एकता मार्च

भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर देश भर में 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा एकता मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र में पहली नवंबर को आयोजित होने वाली एकता दौड़ की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौड़ में भाग लेने के लिए अब तक 61 हजार से अधिक युवाओं ने माई भारत पोर्टल में अपना पंजीकरण करवाया हैं।

जी एस टी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नयी पीढ़ी की जीएसटी दरों को बचत उत्सव का नाम दिया गया है। वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी दरों में कटौती से लोगों को हो रहे लाभ पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट।

*नई जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्टेशनरी की वस्तुओं पर महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। नए कर ढांचे के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट पूरी तरह से कर–मुक्त कर दिए गए हैं। इन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था। इसी प्रकार इरेजर जो पहले 5 प्रतिशत टैक्स स्लैब में आती थी, उसे भी कर मुक्त कर दिया गया है। इन सुधारों ने आवश्यक स्टेशनरी वस्तुओं को और अधिक किफायती बना दिया है, जिससे छात्रों के लिए सीखने की लागत कम हुई है और घरेलू निर्माताओं की मांग बढ़ी है। इस कदम से परिवारों के लिए जेब से होने वाले शिक्षा खर्च में कमी आई है। उच्च विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा मिला है। जीएसटी में कमी से न केवल शिक्षण उपकरण सस्ते हुए हैं, बल्कि देश भर में शिक्षा तक पहुँच भी बढ़ी है।*

पर्यटन

बरसात में आपदा से ग्रस्त हुई पर्यटन नगरी मनाली एक बार फिर पर्यटक पहुंचने लगे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों सहित संपर्क मार्गों की बहाली के साथ ही मनाली में पर्यटन कारोबार फिर शुरू हो चुका है। पर्यटन व्यवसायियों के अनुसार, मनाली शहर सहित सोलंग नाला, अटल टनल, मढ़ी, रोहतांग जैसे प्रसिद्ध स्थल फिर से पर्यटकों से गुलजार होने लगे हैं।

*करीब करीब तीन महीने हमारा कारोबार बिल्कुल ठप्प रहा है। लेकिन हमारे रोड अब ठीक हो चुके हैं और अब टूरिस्ट आना शुरू हो चुका है। मनाली रोहतांग के पास स्नो फॉल भी हुई है काफी टूरिस्ट वहां देखने भी आ रहे हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।*

सारथी प्रोजैक्ट

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा में केंद्र सरकार के सारथी प्रोजेक्ट को आरंभ किया गया है। प्रोजैक्ट की शुरूआत करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ जालम भारद्वाज ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत अब मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाओं को ओर बेहतर बनाने के लिए स्वयंसेवक छात्र छात्राएं अपनी सेवाएं देंगे। छात्र छात्राएं अस्पताल में आने वाले रोगियों और उनके तीमारदारों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर ओपीडी की भीड़ को कम करने में सहायक सिद्ध होंगे।

बैठक

जनजातीय जिला किन्नौर में सर्दियों के दौरान खाद्य व आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करवाने के लिए राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी कत्याल ने तैयारियों का जायजा लिया और रिकांगपिओ में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने उचित मूल्यों की दुकानों में गुणवत्तायुक्त सस्ता राशन तथा पर्याप्त स्टाक उपलब्ध करवाने सहित पोषण अभियान के राशन की ढुलाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए।